# NCERT Solutions for 1st Class Hindi: Chapter 7-रसोईघर

IndCareer Schools
indCareer indCareer indCareer

# NCERT Solutions for Class 1st Hindi: Chapter 7-रसोईघर

Class 1st Hindi Chapter 7 Solutions - Complete Class 1 Hindi Chapter 7 Notes.

## NCERT Solutions for Class 1st Hindi: Chapter 7-रसोईघर

NCERT 1st Hindi Chapter 7, class 1 Hindi Chapter 7 solutions

कविता का सारांश

'रसोईघर' मधु पंत द्वारा लिखित एक रोचक कविता है। इस कविता के माध्यम से कवयित्री बड़े ही रोचक शब्दों में रसोईघर की चीजों का वर्णन कर रही हैं। खेलते हुए मुन्ना मुन्नी जब रसोईघर की खिड़की को खोलकर देखते हैं तो पाते हैं कि अंदर चकला-बेलन, चाकू-छलनी आदि बातें कर रहे हैं। चाकू कहता है कि मैं फल और सब्ज़ियाँ काटता हूँ और टुकड़े टुकड़े करके सभी को बाँटता हूँ। गाजर-मूली, प्याज-टमाटर आदि को मैं काटता तथा छीलता हूँ और लोग इसे सजाकर रखते हैं। थाली कहती है कि मेरा आकार गोल चौड़ा-सा है और मैं ताली की तरह बज भी सकती हूँ। मुझमें रोटी-सब्ज़ी डालकर सब झटपट खाते हैं।

काव्यांशों की व्याख्या

1. आज रसोईघर की खिड़की,

मुन्ना-मुन्नी खोल रहे हैं।

अंदर देखा, चकला-बेलन,

चाकू-छलनी बोल रहे हैं।

मैं चाकू, सब्जी-फल काटू,

टुकड़ा-टुकड़ा सबको बाँटू।

गाजर-मूली प्याज-टमाटर,

छीलो काटो रखो सजाकर।

शब्दार्थ : चकला-पत्थर या काठ का गोल पाटा, जिस पर रोटी बेली जाती है। बेलन-काठ का लंबा दस्ता, जो रोटी आदि बेलने के काम आता है।

प्रसंग : उपर्युक्त पंक्तियाँ हमारी पाठ्यपुस्तक रिमझिम, भाग-1 में संकलित कविता 'रसोईघर' से ली गई हैं। इस कविता की कवयित्री मधु पंत हैं। इसमें रसोईघर में प्रयोग में लाई जानेवाली चीज़ों के महत्व के विषय में बताया गया है।

व्याख्या : आज जब मुन्ना-मुन्नी ने रसोईघर की खिड़की खोली तो अंदर देखा कि चकला-बेलन, चाकू-छलनी इत्यादि आपस में बातचीत कर रहे हैं। चाकू कह रही है कि मैं फल-सब्जी आदि को टुकड़ा-टुकड़ा करके सबको बाँटता हूँ। मैं गाजर-मूली, प्याज-टमाटर आदि को काटता तथा छीलता हूँ और लोग इसे सजाकर रखते हैं।

2. गोल चाँद-सी हूँ मैं थाली,

बज सकती हूँ बनकर ताली।

मुझमें रोटी-सब्ज़ी डाली,

और सभी ने झटपट खा ली।

प्रसंग : पूर्ववत।

व्याख्याः इन पंक्तियों में थाली कहती है कि मैं गोल चाँद-सी हूँ। मैं ताली बनकर बज सकती हूँ। मुझमें रोटी-सब्ज़ी रखकर हर कोई झटपट खाना खाता है।

प्रश्न-अभ्यास


(पाठ्यपुस्तक से)

कुछ और काम

मैं चाकू हूँ।

मैं सब्जी-फल काटता हूँ।





हम चकला बेलन हैं।

हम रोटी बेलते हैं।

मैं छलनी हूँ।

मैं चाय छानती हूँ।





मैं थाली हूँ।

मुझमें खाना खाओ।

मैं छीलनी हूँ।

मुझसे छिलका छीलो।



सही-गलत

प्रश्न **1.**

रसोईघर का चित्र देखो और बताओ।



उत्तर :

1. पतीला चूल्हे के नीचे है। ✗
2. चूहा अँगीठी के अंदर है। ✓
3. टोकरी में आम रखे हैं। ✗
4. अक्षय चावल बीन रहा है। ✓
5. माँ खाना बना रही हैं। ✓
6. आले में लालटेन रखी है। ✓
7. दादी किताब पढ़ रही हैं। ✓
8. सुहानी खिड़की से झाँक रही है। ✓

काम ही काम

प्रश्न **2.**

यहाँ क्या काम हो रहा है? गोला लगाओ।

सेंकना

बेलना

तलना




उत्तर– (तलना)


## किनसे काटोगे?



चाकू ✓



सिल-बट्टा ✗



छीलनी ✗



पहँसुल ✓



दाव ✓




कैंची ✓



हथौड़ा ✗




गुलेल ✗



ढक्कन ✗

प्रश्न **3.**

किससे क्या काटोगे**?**





उत्तर **:**

| कैंची से | चाकू से |
|---|---|
| कपड़ा | आम |
| कागज़ | बैंगन |
| | रस्सी |
| | सेब |
| | गन्ना |

प्रश्न **4.**

बिंदु जोड़कर चित्र पूरा करो।

उत्तर **:**




विद्यार्थी स्वयं रंग भरें।

# Chapterwise NCERT Solutions for Class 1 Hindi :


- Chapter 1 – झूला
- Chapter 2 – आम की कहानी
- Chapter 3 – आम की टोकरी
- Chapter 4 – पत्ते ही पत्ते
- Chapter 5 – पकौड़ी
- Chapter 6 – छुक-छुक गाड़ी
- Chapter 7 – रसोईघर
- Chapter 8 – चूहो! म्याऊँ सो रही है
- Chapter 9 – बंदर और गिलहरी
- Chapter 10 – पगड़ी
- Chapter 11 – पतंग
- Chapter 12 – गेंद-बल्ला
- Chapter 13 – बंदर गया खेत में भाग
- Chapter 14 – एक बुढ़िया
- Chapter 15 – मैं भी……
- Chapter 16 – लालू और पीलू
- Chapter 17 – चकई के चकदुम
- Chapter 18 – छोटी का कमाल
- Chapter 19 – चार चने
- Chapter 20 – भगदड़
- Chapter 21 – हलीम चला चाँद पर
- Chapter 22 – हाथी चल्लम चल्लम
- Chapter 23 – सात पूँछ का चूहा

# About NCERT

The National Council of Educational Research and Training is an autonomous organization of the Government of India which was established in 1961 as a literary, scientific, and charitable Society under the Societies Registration Act. The major objectives of NCERT and its constituent units are to: undertake, promote and coordinate research in areas related to school education; prepare and publish model textbooks, supplementary material, newsletters, journals and develop educational kits, multimedia digital materials, etc.Organise pre-service and in-service training of teachers; develop and disseminate innovative educational techniques and practices;collaborate and network with state educational departments, universities, NGOs and other educational institutions; act as a clearing house for ideas and information in matters related to school education; and act as a nodal agency for achieving the goals of Universalisation of Elementary Education.In addition to research, development, training, extension, publication and dissemination activities, NCERT is an implementation agency for bilateral cultural exchange programmes with other countries in the field of school education.Its headquarters are located at Sri Aurobindo Marg in New Delhi. Visit the Official NCERT website to learn more.